सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की प्रवेश–सूचना शैक्षणिक वर्ष–2024–2025

कार्यालयीय–ज्ञाप (प्रवेश तिथि–वृद्धि)

शैक्षणिक वर्ष 2024–25 के प्रवेशार्थियों के लिए तिथि वृद्धि करते हुए सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण किया जायेगा। प्रथमा, पूर्व मध्यमा, उत्तर मध्यमा एवं शास्त्री/आचार्य के **सभी सेमेस्टर के कक्षाओं** में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पद्धति से कालेज लागिन के माध्यम से प्रवेशावेदनपत्र पूरित करने हेतु अभ्यर्थियों के लिए सभी आवश्यक निर्देश, प्रवेशावेदनपत्र विश्वविद्यालय की आनलाईन वेबसाइट **www.ssvvonline.in** के **"प्रवेश सत्र 2024–2025"** विकल्प पर उपलब्ध होंगे। अभ्यर्थी महाविद्यालय ऑनलाईन प्रवेशावेदनपत्र भरने से पूर्व दिशा–निर्देशों को भलीभाँति पढ़ ले तथा प्रवेश निदर्शिका में वर्णित नियमों के अनुसार विषय की प्रविष्टियों का चयन करें।

सभी पाठ्यक्रमों के प्रवेश की तिथि 19.11.2024 से 26.11.2024 तक तिथि वृद्धि की जाती है।

सम्बद्ध महाविद्यालय अपनी प्रवेश–प्रक्रिया निर्धारित तिथि तक आवश्य पूर्ण कर लें तथा सभी महाविद्यालय अपने प्रवेशित छात्रों को नियमानुसार ऑनलाईन पंजीकरण करने के बाद प्रवेशावेदनपत्र को मुद्रित कर महाविद्यालय में अपने सन्दर्भ हेतु रखे। सभी कक्षाओं की प्रवेश–सूची को पोर्टल के कालेज–लागिन से निकालकर विश्वविद्यालय के परीक्षानुभाग में कार्य दिवस में जमा/प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

इस पर मा0 कुलपति जी की स्वीकृति प्राप्त है।

19/11/2024

(राकेश कुमार)
आई0ए0एस0
कुलसचिव
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी

छा0क0सं0 –1083 /2024 दिनांक – 19.11.2024

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित –

1– कुलपति के सचिव, कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2– समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3– परीक्षा नियन्त्रक।
4– मुख्य प्रतिपालक/विनयाधिकारी।
5– प्रबन्धक निदेशक, यूपीडेस्को को इस आशय से कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार व्यवस्था सम्पन्न कराने का कष्ट करें।
6– आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
7– संगणक केन्द्र को कार्यदायी संस्था तथा इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक) एवं महाविद्यालयों/ प्रवेशार्थियों में समन्वय स्थापित करते हुए संगणक केन्द्र द्वारा हेल्प डेस्क के रूप में समस्याओं का निवारणार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8– जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करायें।
9– सम्बद्ध पत्रावली / समस्त सूचना पट्ट।

(राकेश कुमार)
आई0ए0एस0
कुलसचिव
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी